पत्र संख्या–24/बि.स.से.–11–06/2024सा0प्र0 24027/

बिहार सरकार

**सामान्य प्रशासन विभाग**

प्रेषक,

**केशव कुमार,**

**सरकार के संयुक्त सचिव।**

सेवा में,

**सभी अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव/सचिव/विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना,**

**पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना,**

**सभी प्रमंडलीय आयुक्त,**

**सभी आयोगों एवं प्राधिकारों के सचिव, बिहार**

ई–मेल

पटना–15, दिनांक 26-12-25

**विषयः–बिहार सचिवालय सेवा के सदस्यों का वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु Online e-PAR अभिलिखित किये जाने के संबंध में।**

महाशय,

निदेशानुसार उपर्युक्त विषय के संबंध में कहना है कि बिहार सचिवालय सेवा के कतिपय पदाधिकारियों का वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु Sparrow system के माध्यम से Online e-PAR के आलेखन का कार्य स्वीकरण पदाधिकारी के स्तर से अभी तक अधूरा/अपूर्ण है।

दिनांक 05.12.2025 को अपराह् 04:00 बजे मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में राज्य के विभिन्न सेवाओं के पदाधिकारियों का स्पैरो सिस्टम के तहत् कार्य मूल्यांकन प्रतिवेदन के आलेखन के संबंध में समीक्षा बैठक आहूत की गयी है। उक्त बैठक में वित्तीय वर्ष 2024–25 में स्पैरो सिस्टम के तहत् राज्य सेवा संवर्ग के ग्रुप ए0 एवं बी0 श्रेणी के पदाधिकारियों को ई–पार आलेखन दिनांक 31.12.2025 तक सम्पन्न किये जाने एवं ई–पार को स्पैरो सिस्टम द्वारा दिनांक 31.12.2025 के बाद क्लोज किये जाने का निदेश दिया गया है (छायाप्रति संलग्न)।

अतः अनुरोध है कि बिहार सचिवालय सेवा के पदाधिकारियों का वित्तीय वर्ष 2024–25 हेतु स्वीकरण पदाधिकारी के स्तर से लंबित आलेखन का कार्य 31 दिसम्बर, 2025 तक पूर्ण करने की कृपा की जाय। साथ हीं अनुरोध है कि उक्त के निमित्त संबंधित पदाधिकारियों को निदेशित करने की कृपा की जाय।

अनुलग्नकः–यथोक्त।

विश्वासभाजन

26.12.2025

(केशव कुमार)

सरकार के संयुक्त सचिव।

ज्ञापांकः–24/बि.स.से.–11–06/2024 सा0प्र0 24027/पटना–15, दिनांक 26-12-25

प्रतिलिपिः–आई.टी. मैनेजर, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

26.12.2025

सरकार के संयुक्त सचिव।

F/ARTI/FIRDOS JEE/LETTER

*अति महत्वपूर्ण*

**बिहार सरकार**
**जल संसाधन विभाग**

ज्ञापांकः—01 / स्था0—14—01 / 2024— 7106 पटना, दिनांक— 30/12/25

प्रतिलिपिः— प्रधान सचिव के प्रधान आप्त सचिव / अभियंता प्रमुख / अपर सचिव / सभी संयुक्त सचिव (प्रबंधन / अभियंत्रण सहित), जल संसाधन विभाग, बिहार, पटना को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**अनुरोध है कि वित्तीय वर्ष 2024—25 हेतु स्वीकरण पदाधिकारी के स्तर से लंबित e-PAR आलेखन का कार्य 31 दिसम्बर 2025 तक कराने की कृपा की जाय।**

2. जल संसाधन विभाग (मुख्यालय एवं मुख्य अभियंता कार्यालय) में पदस्थापित बिहार सचिवालय सेवा के सभी पदाधिकारियों को अनुलग्नक सहित सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**अनुरोध है कि सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक—24027 दिनांक— 26.12.2025 के आलोक में वित्तीय वर्ष 2024—25 हेतु स्वीकरण पदाधिकारी के स्तर से लंबित e-PAR आलेखन का कार्य 31 दिसम्बर 2025 तक पूर्ण करना सुनिश्चित किया जाय।**

3. कार्यपालक अभियंता IT, WRD IT Centre को अनुलग्नक सहित **विभागीय बेवसाईट पर अपलोड** करने **तथा** आई0 टी0 मैनेजर को **सभी मुख्य अभियंताओं को ईमेल** करने हेतु प्रेषित।

अनु0:—यथोक्त।

30.12.2025
(कृष्ण गोपाल)
सरकार के उप सचिव

**मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में राज्य के विभिन्न सेवाओं के पदाधिकारियों का SPARROW (Smart Performance Appraisal Report Recording Online Window) System के तहत कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन आलेखन के संबंध में Video Conferencing के माध्यम से दिनांक–05.12.2025 को अपराह्न 4.00 बजे आयोजित बैठक की कार्यवाही।**

---

मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में राज्य के विभिन्न सेवाओं के पदाधिकारियों का SPARROW (Smart Performance Appraisal Report Recording Online Window) System के तहत कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन आलेखन के संबंध में Video Conferencing के माध्यम से दिनांक–05.12.2025 को अपराह्न 4.00 बजे बैठक आहूत की गई।

(2) समीक्षा बैठक के प्रारंभ में अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना द्वारा SPARROW System के तहत कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन आलेखन के संबंध में अब तक हुई प्रगति एवं लंबित मामलों की स्थिति से मुख्य सचिव, बिहार को अवगत कराया गया।

(3) मुख्य सचिव, बिहार द्वारा समीक्षा के क्रम में निम्नलिखित निदेश दिए गए :–

(i) सभी विभागों के नियंत्रणाधीन ग्रुप–A एवं ग्रुप–B श्रेणी के पदाधिकारियों का SPARROW System के तहत e-PAR आलेखन की सभी विभागों द्वारा आन्तरिक समीक्षा की जाय।

(ii) वित्तीय वर्ष 2024–25 में SPARROW System के तहत राज्य सेवा संवर्ग के ग्रुप–A एवं ग्रुप–B श्रेणी के पदाधिकारियों/कर्मियों का e-PAR आलेखन दिनांक–31.12.2025 तक सम्पन्न किया जाना सुनिश्चित किया जाय।

(iii) SPARROW System के तहत राज्य सेवा संवर्ग के ग्रुप–A एवं ग्रुप–B श्रेणी के पदाधिकारियों/कर्मियों के वर्ष 2024–25 के कार्य निष्पादन मूल्यांकन प्रतिवेदन को System द्वारा दिनांक–31.12.2025 के बाद Close कर दिया जाय।

ह0/–

(प्रत्यय अमृत)
मुख्य सचिव

विशेष सचिव / प्रभारी प्रशाखा-15 / 17

**बिहार सरकार**
**सामान्य प्रशासन विभाग**

ज्ञापांक–सी0आर0को0–110 / 2022 / सा0प्र0– / पटना, दिनांक–

प्रतिलिपि :– सभी अपर मुख्य सचिव / प्रधान सचिव / सचिव / विभागाध्यक्ष, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

ह0 / –

सरकार के उप सचिव।

ज्ञापांक–सी0आर0को0–110 / 2022 / सा0प्र0–23424 / पटना, दिनांक– 16.12.25

प्रतिलिपि :– विशेष सचिव, प्रभारी प्रशाखा–15 एवं 17, सामान्य प्रशासन विभाग / अपर सचिव, प्रभारी प्रशाखा–09, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

16.12.2025

सरकार के उप सचिव।